**D B News 16-11-2016**

# साउथ जोन का तैराकी में दबदबा

## वेस्ट जोन को एक स्वर्ण और तीन रजत से करना पड़ा संतोष

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

साउथ जोन ने राष्ट्रीय सीबीएसई तैराकी प्रतियोगिता के पहले ही दिन 10 स्वर्ण समेत 24 पदक जीतकर दबदबा बना लिया है। प्रतियोगिता राजीव गांधी तरणताल में शुरू हुई इसी के साथ पूल का भी आगाज हो गया।

शुरुआती दिन मेजबान वेस्ट जोन को एक स्वर्ण और तीन रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले चैंपियनशिप का उदघाटन तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी ने मप्र भोज ओपन विवि के वाइस चांसलर प्रो.तारिक जफर के विशेष आतिथ्य में किया। भारतीय तैराकी फेडरेशन के राजकुमार, सीबीएसई के ऑब्जर्वर महिपाल सिंह शेखावत, संदीप चौहान, और साजिद अली उपस्थित थे। पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के 200 मी बेक स्ट्रोक में अद्वैत पागे ने वेस्ट जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इवेंट का रजत और कांस्य पदक साउथ जोन के क्रमशः निशांत कुमार और टी रिचर्ड सिंह ने अपने नाम किया। अंडर-14 बालक 100 मी फ्री स्टाइल में साउथ जोन के एम अतीश ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और गल्फ के तनीश छाबड़ा ने कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग के 100 मी बटरफ्लाई में गल्फ के मैथ्यू तनीश जॉर्ज ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और नॉर्थ जोन-1 के रिश्यंत सिंह ने कांस्य पदक जीता। 200 मी व्यक्तिगत मेडले में दक्षिण जोन के साहिल गंगोटे ने स्वर्ण जीता।



# Patrika 16-11-2016

## ANCHOR पहले दिन साउथ जोन का दबदबा

### सीबीएसई राष्ट्रीय स्कूल तैराकी चैंपियनशिप

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



**भोपाल** ● राजीव गांधी स्कूल के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल तैराकी चैंपियनशिप का राजीव गांधी तरणताल में मंगलवार से धमाकेदार आगाज हुआ। पहले दिन साउथ जोन ने 10 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों पर कब्जा जमाया। वहीं, मेजबान वेस्ट जोन के खाते में पहले दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक आए।

पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के 200 मी बेक स्ट्रोक में अद्वैत पागे ने वेस्ट जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इवेंट का रजत और कांस्य पदक साउथ जोन के क्रमशः निशांत कुमार और टी रिचर्ड सिंह ने अपने नाम किया। अंडर-14 बालक 100 मी. फ्री स्टाइल में साउथ जोन के एम अतीश ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और गल्फ के तनीश छाबड़ा ने कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग के 100 मी बटरफ्लाई में गल्फ के मैथ्यू तनीश जॉर्ज ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और नॉर्थ जोन-1 के रिश्यंत सिंह ने कांस्य पदक जीता। 200 मी. व्यक्तिगत मिडले में दक्षिण जोन के साहिल गंगोटे ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और दक्षिण जोन के एस हितेन मित्तल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले चैंपियनशिप का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी के मुख्य आतिथ्य और मप्र भोज ओपन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. तारिक जफर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। भारतीय तैराकी फेडरेशन के राजकुमार, सीबीएसई के ऑब्जर्वर महिपाल सिंह शेखावत, कॉलेज और स्कूल के चेयरमैन संदीप चौहान, सचिव साजिद अली, प्राचार्या शिखा भाटी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# 17-11-2016

## तैराकी में वेस्ट जोन की स्वर्णिम तिकड़ी

खेल प्रतिनिधि, भोपाल




राजीव गांधी स्कूल के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल तैराकी चैंपियनशिप का राजीव गांधी तरणताल में बुधवार को वेस्ट जोन के तैराकों ने तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किए। वहीं साउथ जोन और सेंट्रल जोन के तैराकों का दबदबा बरकरार रहा। दूसरे दिन सेंट्रल जोन ने चार, साउथ ने तीन और ईस्ट तथा गल्फ ने एक-एक स्वर्ण अपने नाम किए। विजेता खिलाड़ियों को जिला तैराकी संघ भोपाल के अध्यक्ष सैयद साजिद अली, लतिका चौहान और फौजिया अली ने पदक प्रदान किए।

चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर-17 बालक 100 मी. बटरफ्लाई में डीपीएस भोपाल के संदीप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने और कांस्य ईस्ट जोन के अनिरूद्ध अधिकारी ने जीता। वेस्ट जोन को पहला स्वर्ण दिलाने वाले वेस्ट जोन के अद्वैत पागे ने अंडर-17 बालक 100 मी. बैक स्ट्रोक में भी स्वर्ण जीता। रजत और कांस्य साउथ जोन ने अपने नाम किए। अंडर-19 बालक 1500 मी. फ्रीस्टाईल में वेस्ट जोन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल के आदित्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। सेंट्रल जोन के तुषार मुदगल ने रजत और वेस्ट जोन के लक्ष्य खीचार ने कांस्य पदक जीता।

# 17-11-2016

# वेस्ट जोन की स्वीमिंग में स्वर्णिम तिकड़ी

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल




वेस्ट जोन के तैराकों ने राष्ट्रीय सीबीएसई तैराकी प्रतियोगिता में दूसरे दिन शानदर प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम तिकड़ी जमाई। राजीव गांधी तरणताल में बुधवार को वेस्ट जोन के तैराकों ने तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किए। वहीं साउथ जोन और सेंट्रल जोन के तैराकों का दबदबा बरकरार रहा। दूसरे दिन सेंट्रल जोन ने चार, साउथ ने तीन स्वर्ण जीते। ईस्ट तथा गल्फ को एक-एक स्वर्ण मिले।

विजेता खिलाड़ियों को राजीव गांधी कालेज के सचिव सैयद साजिद अली, लतिका चौहान और फौजिया अली ने पदक प्रदान किए। चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर-17 बालक 100 मी बटरफ्लाई में भोपाल के संदीप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने और कांस्य ईस्ट जोन के अनिरूद्ध अधिकारी ने जीता। वेस्ट जोन को पहला स्वर्ण दिलाने वाले वेस्ट जोन के अद्वैत पागे ने अंडर-17 बालक 100 मी बेक स्ट्रोक में भी स्वर्ण जीता। रजत और कांस्य साउथ जोन ने अपने नाम किए। अंडर-19 बालक 1500 मी फ्री स्टाईल में वेस्ट जोन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल के आदित्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। सेंट्रल जोन के तुषार मुदगल ने रजत और वेस्ट जोन के लक्ष्य खीचार ने कांस्य पदक जीता।

# Epaper Patrika 15-11-16

# सीबीएसई राष्ट्रीय स्कूल तैराकी चैंपियनशिप आज




## प्रतियोगिता में देश-विदेश के 800 तैराक हिस्सा ले रहे हैं

**भोपाल** ● राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल तैराकी चैम्पियनशिप राजीव गांधी तरण ताल में मंगलवार से प्रारंभ होगी। इसमें 11 से 19 वर्ष आयु वर्ग के देश-विदेश के विभिन्न स्कूलों के 800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चैम्पियनशिप का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी दोपहर दो बजे करेंगे। इस अवसर पर सांसद आलोक संजर और भोज मुक्त विवि के वीसी प्रो. तारिक जफर भी उपस्थित होंगे। आयोजन सचिव साजिद अली ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देशभर के शीर्ष स्कूलों के अलावा कुवैत, कतर, साउदी अरब, यूएई और ओमान जैसे देश के स्कूल तैराक कौशल दिखाने पहुंचे हैं। इसका आयोजन राजीव गांधी कॉलेज के राजीव गांधी तरणताल में किया जाएगा। 18 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में भारतीय तैराकी संघ के मापदंड के आधार पर लगभग 55 से 60 तकनीकी अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। इसे जुड़ी सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता राजीव गांधी स्कूल के सहयोग से कराई जा रही है।

# Epaper DB Star 15-11-16

## सीबीएसई राष्ट्रीय स्कूल तैराकी चैंपियनशिप राजीव गांधी तरण ताल में आज से

**भोपाल** | राजीव गांधी स्कूल द्वारा चार दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप राजीव गांधी तरण ताल में मंगलवार से आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में 11 से 19 वर्ष आयु वर्ग के देश-विदेश के लगभग 800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिसका उदघाटन तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी और सांसद आलोक संजर, भोज ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. तारिक जफर दोप. 2:00 बजे करेंगे। आयोजन सचिव सै.साजिद अली ने बताया देशभर के शीर्ष स्कूलों के अलावा कुवैत, कतर, सउदी अरब, यूएई व ओमान से भी खिलाड़ी आ रहे हैं। प्रतियोगिता 18 दिसंबर तक आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में भारतीय तैराकी संघ के मापदंड के आधार पर लगभग 55 से 60 तकनीकी अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही है।

# Epaper DB Star 16-11-16

# साउथ जोन का तैराकी में दबदबा

## वेस्ट जोन को एक स्वर्ण और तीन रजत से करना पड़ा संतोष

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

साउथ जोन ने राष्ट्रीय सीबीएसई तैराकी प्रतियोगिता के पहले ही दिन 10 स्वर्ण समेत 24 पदक जीतकर दबदबा बना लिया है। प्रतियोगिता राजीव गांधी तरणताल में शुरू हुई इसी के साथ पूल का भी आगाज हो गया।

शुरुआती दिन मेजबान वेस्ट जोन को एक स्वर्ण और तीन रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले चैंपियनशिप का उदघाटन तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी ने मप्र भोज ओपन विवि के वाइस चांसलर प्रो.तारिक जफर के विशेष आतिथ्य में किया। भारतीय तैराकी फेडरेशन के राजकुमार, सीबीएसई के ऑब्जर्वर महिपाल सिंह शेखावत, संदीप चौहान, और साजिद अली उपस्थित थे। पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के 200 मी बेक स्ट्रोक में अद्वैत पागे ने वेस्ट जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इवेंट का रजत और कांस्य पदक साउथ जोन के क्रमशः निशांत कुमार और टी




रिचर्ड सिंह ने अपने नाम किया। अंडर-14 बालक 100 मी फ्री स्टाइल में साउथ जोन के एम अतीश ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और गल्फ के तनीश छाबड़ा ने कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग के 100 मी बटरफ्लाई में गल्फ के मैथ्यू तनीश जॉर्ज ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और नॉर्थ जोन-1 के रिश्यंत सिंह ने कांस्य पदक जीता। 200 मी व्यक्तिगत मेडले में दक्षिण जोन के साहिल गंगोटे ने स्वर्ण जीता।

# Epaper Patrika 16-11-16

**ANCHOR**

# पहले दिन साउथ जोन का दबदबा

## सीबीएसई राष्ट्रीय स्कूल तैराकी चैंपियनशिप

पत्रिका PLUS रिपोर्टर




**भोपाल** ● राजीव गांधी स्कूल के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल तैराकी चैंपियनशिप का राजीव गांधी तरणताल में मंगलवार से धमाकेदार आगाज हुआ। पहले दिन साउथ जोन ने 10 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों पर कब्जा जमाया। वहीं, मेजबान वेस्ट जोन के खाते में पहले दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक आए।

पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के 200 मी बेक स्ट्रोक में अद्वैत पागे ने वेस्ट जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। इवेंट का रजत और कांस्य पदक साउथ जोन के क्रमशः निशांत कुमार और टी रिचर्ड सिंह ने अपने नाम किया। अंडर-14 बालक 100 मी. फ्री स्टाइल में साउथ जोन के एम अतीश ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और गल्फ के तनीश छाबड़ा ने कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग के 100 मी बटरफ्लाई में गल्फ के मैथ्यू तनीश जॉर्ज ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और नॉर्थ जोन-1 के रिश्यंत सिंह ने कांस्य पदक जीता। 200 मी. व्यक्तिगत मिडले में दक्षिण जोन के साहिल गंगोटे ने स्वर्ण, वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने रजत और दक्षिण जोन के एस हितेन मित्तल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले चैंपियनशिप का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री दीपक जोशी के मुख्य आतिथ्य और मप्र भोज ओपन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. तारिक जफर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। भारतीय तैराकी फेडरेशन के राजकुमार, सीबीएसई के ऑब्जर्वर महिपाल सिंह शेखावत, कॉलेज और स्कूल के चेयरमैन संदीप चौहान, सचिव साजिद अली, प्राचार्या शिखा भाटी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# Epaper Patrika 17-11-16

**CITY SPORT'S ....**

# वेस्ट जोन ने हासिल की स्वर्णिम तिकड़ी

## राजीव गांधी तरणताल में सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी

**भोपाल** • राजीव गांधी स्कूल के तत्वावधान आयोजित राष्ट्रीय सीबीएसएई स्कूल तैराकी चैंपियनशिप में वेस्ट जोन के तैराकों ने तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किए। वहीं साउथ जोन और सेंट्रल जोन के तैराकों का दबदबा बरकरार रहा। राजीव गांधी तरणताल में बुधवार को दूसरे दिन सेंट्रल जोन ने चार, साउथ ने




तीन और ईस्ट और गल्फ ने एक-एक स्वर्ण हासिल किए। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक 100 मीटर बटरफ्लाई में डीपीएस भोपाल के संदीप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने और कांस्य ईस्ट जोन के अनिरुद्ध अधिकारी ने जीता। वेस्ट जोन को पहला स्वर्ण दिलाने वाले वेस्ट जोन के अद्वैत पागे ने अंडर-17 बालक 100 मी. बेक स्ट्रोक में भी स्वर्ण जीता।

# Epaper DB Star 17-11-16

# वेस्ट जोन की स्वीमिंग में स्वर्णिम तिकड़ी

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

वेस्ट जोन के तैराकों ने राष्ट्रीय सीबीएसई तैराकी प्रतियोगिता में दूसरे दिन शानदर प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम तिकड़ी जमाई। राजीव गांधी तरणताल में बुधवार को वेस्ट जोन के तैराकों ने तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किए। वहीं साउथ जोन और सेंट्रल जोन के तैराकों का दबदबा बरकरार रहा। दूसरे दिन सेंट्रल जोन ने चार, साउथ ने तीन स्वर्ण जीते। ईस्ट तथा गल्फ को एक-एक स्वर्ण मिले।

विजेता खिलाड़ियों को राजीव गांधी कालेज के सचिव सैयद साजिद अली, लतिका चौहान और फौजिया अली ने पदक प्रदान किए। चैंपियनशिप के दूसरे दिन अंडर-17 बालक 100 मी बटरफ्लाई में भोपाल के संदीप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने और कांस्य ईस्ट जोन के अनिरूद्ध अधिकारी ने जीता। वेस्ट जोन को पहला स्वर्ण दिलाने




वाले वेस्ट जोन के अद्वैत पागे ने अंडर-17 बालक 100 मी बेक स्ट्रोक में भी स्वर्ण जीता। रजत और कांस्य साउथ जोन ने अपने नाम किए। अंडर-19 बालक 1500 मी फ्री स्टाईल में वेस्ट जोन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल के आदित्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। सेंट्रल जोन के तुषार मुदगल ने रजत और वेस्ट जोन के लक्ष्य खीचार ने कांस्य पदक जीता।

# Epaper DB Star 18-11-16

**भास्कर खास** संदीप, आदित्य पागे और परम बिरथरे ने मेजबान टीम को दिलाए पदक

# लगातार दूसरे दिन वेस्ट जोन ने जीते तीन स्वर्ण

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

वेस्ट जोन के तैराकों ने सीबीएसई तैराकी चैंपियनशिप में गुरुवार को भी तीन स्वर्ण पदक और जीते। वेस्ट जोन ने एक दिन पहले भी इतने ही स्वर्ण जीते थे। इसके अलावा उसने दो रजत और एक कांस्य पदक भी अपने नाम किए। राजीव गांधी तरण ताल सलैया में आयोजित इस प्रतियोगिता में गुरुवार को पदक विजेता खिलाड़ियों को मप्र चुनाव आयुक्त सलीना सिंह और राजीव गांधी कॉलेज के सचिव सैयद साजिद अली ने पुरस्कृत किया।



राजीव गांधी तरण ताल में स्टार्ट लेतीं तैराक।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर-17 बालक 50 मी बटरफ्लाई में दिल्ली पब्लिक स्कूल के संदीप ने स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा का रजत ईस्ट जोन के अनिरुद्ध अधिकारी और कांस्य पदक साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने जीता। अंडर-17 बालक 800 मी फ्रीस्टाइल में आदित्य पागे ने वेस्ट जोन को दिन का दूसरा स्वर्ण दिलाया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन के आदित्य बोपन्ना और कांस्य पदक सेंट्रल जोन के आदित्य दुबे ने जीता। अंडर-14 बालक 200 मी फ्री स्टाइल में वेस्ट जोन के परम बिरथरे ने स्वर्ण, गल्फ के अंश रस्तोगी ने रजत और साउथ जोन के ध्यान बालाकृष्ण ने कांस्य पदक जीता। बुधवार को 100 मी बटरफ्लाई का स्वर्ण जीतने वाले डीपीएस भोपाल के आदित्य प्रताप सिंह ने 400 मी व्यक्तिगत मेडले में रजत पदक हासिल किया। स्पर्धा का स्वर्ण नॉर्थ जोन-1 के श्लोक अग्रवाल और कांस्य पदक नॉर्थ जोन-2 के नितिन त्यागी ने हासिल किया। अंडर-14 बालिका 100 मी में साउथ जोन की बीजी मधुरा और आरुषि मंजूनाथ ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वेस्ट जोन की मारिया मलिक ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

## आलिया ने बनाया मीट रिकॉर्ड

नॉर्थ जोन-1 की आलिया सिंह ने अंडर-17 बालिका 200 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में नया मीट रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 2:55.32 मिनट में 200 मीटर की दूरी नापी। स्पर्धा का रजत साउथ जोन की शिवांगी रावत ने और कांस्य पदक ईस्ट जोन की शिवांगी सरमा ने अपने नाम किया। यह इस प्रतियोगिता में पहला मीट रिकॉर्ड भी है।

# Epaper Patrika 18-11-16

CITY SPORTS

# आलिया ने बनाया मीट रिकॉर्ड

## राजीव गांधी तरणताल में सीबीएसई नेशनल स्कूल तैराकी





पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**भोपाल** • नॉर्थ जोन-1 की आलिया सिंह ने राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल तैराकी प्रतियोगिता में नया मीट रिकॉर्ड कायम किया। आलिया ने अंडर-17 बालिका 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में 2.55.32 मिनट के साथ रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्पर्धा का रजत साउथ जोन की शिवांगी रावत ने और ईस्ट जोन की शिवांगी सरमा ने कांस्य पदक जीता।

**वेस्ट जोन का दबदबा :** गुरुवार को राजीव गांधी तरणताल में वेस्ट जोन ने तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीता। अंडर-17 बालक 50 मी. बटरफ्लाई में संदीप ने स्वर्ण पदक जीता।

### आदित्य ने जीता रजत

भोपाल के आदित्य प्रताप सिंह ने 400 मी. व्यक्तिगत मिडले में रजत पदक हासिल किया। स्वर्ण नॉर्थ जोन-1 के श्लोक अग्रवाल और कांस्य पदक नॉर्थ जोन-2 के नितिन त्यागी ने हासिल किया। अंडर-14 बालिका 100 मी. में साउथ जोन की बीजी मधुरा और आरुषि मंजूनाथ ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वेस्ट जोन की मारिया मलिक ने कांस्य पदक जीता।

रजत ईस्ट जोन के अनिरुद्ध अधिकारी और कांस्य पदक साउथ जोन के जे जयस्कंदन ने जीता। अंडर-17 बालक 800 मी. फ्रीस्टाइल में आदित्य पागे ने वेस्ट जोन को स्वर्ण पदक दिलाया। साउथ जोन के आदित्य बोपन्ना ने रजत पदक हासिल किया। सेंट्रल जोन के आदित्य दुबे को कांस्य से ही संतुष्ट करना पड़ा।

**Epaper DB Star 19-11-16**

# सेंट्रल जोन ने जीते चार स्वर्ण

**भोपाल** |सीबीएसएई तैराकी चैंपियनशिप में सेंट्रल जोन ने शुक्रवार को चार स्वर्ण पदक जीते। वहीं मेजबान वेस्ट जोन को एक कांस्य हाथ लगा। राजीव गांधी कॉलेज में नवनिर्मित इंटरनेशनल स्तर के स्वीमिंग पूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन ने 3 और साउथ जोन ने 2 स्वर्ण जीतकर अपना दबदबा बरकरार रखा। पदक विजेता खिलाड़ियों को मनीषा आनंद, एएस चावला और संजीव भावे ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को होगा। सेंट्रल जोन ने अंडर-17 बालक 4 गुणा 100 मी मेडले रिले का स्वर्ण जीता, साउथ जोन ने रजत और नॉर्थ जोन-2 ने कांस्य पर कब्जा जमाया। बालिका वर्ग का स्वर्ण भी सेंट्रल जोन ने जीता।

# Epaper DB 20-11-16

## सीबीएसई : सेंट्रल जोन ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

**भोपाल** | सेंट्रल जोन के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी तरणताल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी में ओवरआल चैंपियनशिप जीती। सेंट्रल जोन 186 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। नॉर्थ जोन को 109 अंकों के साथ दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष राजकुमार, सीबीएसई के पर्यवेक्षक महिपाल सिंह शेखावत व राजीव गांधी कालेज के सचिव सैयद साजिद अली ने पुरस्कार वितरण किया।

**यह रहे सर्वश्रेष्ठः** लवलीन दास ,रेहान मिर्जा, तनीषा मालवीय, तन्मय दास, आलिया सिंह, अद्वैत पागे, अवनी तंत्री, जास्मिन गुरुंग और अंश अरोरा।